बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या – पी०आर० 53/2021

इन्टरमीडिएट वार्षिक (सैद्धान्तिक) परीक्षा, 2021 में परीक्षार्थियों से पूछे गए वस्तुनिष्ठ प्रश्नों (Objective Questions) का Answer Key समिति के वेबसाइट पर अपलोड किये जाने के संबंध में आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2021 की कला, विज्ञान, वाणिज्य संकाय एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रम के सभी सैद्धान्तिक विषयों की परीक्षा में निर्धारित अंकों के 50% (पचास प्रतिशत) अंकों के वस्तुनिष्ठ प्रश्न (Objective Questions) परीक्षार्थियों से पूछे गए हैं, जिसमें OMR (Optical Mark Reader) आधारित उत्तर–पत्रकों (Answer-Sheets) का प्रयोग सभी विषयों के परीक्षार्थियों द्वारा किया गया है। परीक्षार्थियों के द्वारा दिये गए उत्तर के मूल्यांकन (जाँच) के लिए समिति द्वारा विषय–विशेषज्ञों की टीम से सभी विषयों के प्रश्नों का Answer Key तैयार कराया गया है, वह समिति के वेबसाइट **http://biharboardonline.bihar.gov.in** पर उपलब्ध है।

2. समिति के वेबसाइट पर अपलोड किये गए इन्टरमीडिएट वार्षिक (सैद्धान्तिक) परीक्षा, 2021 की कला, विज्ञान, वाणिज्य संकाय एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रम में पूछे गए 50 प्रतिशत अंकों के वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का Answer Key जो समिति के वेबसाइट पर अपलोड है, उसके संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति/व्यक्तियों (परीक्षार्थियों सहित) को कोई आपत्ति/आपत्तियाँ हों, तो वे **दिनांक 16.03.2021** तक समिति के वेबसाइट **http://biharboardonline.bihar.gov.in** पर **"Register objection regarding Answer Key Inter Exam 2021" Link** अथवा **objection.biharboardonline.com** पर जाकर अपनी आपत्ति/आपत्तियाँ दर्ज कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद किसी भी व्यक्ति/व्यक्तियों द्वारा दर्ज आपत्ति/आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

परीक्षा नियंत्रक (उ०मा०)